**दिनांक–07.10.2023** **समय–7.10एएम**

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी भोपाल

**प्रातःकालीन समाचार**

**मुख्य समाचार....**

- केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने युवाओं से अमृत काल में परिवर्तन निर्माता बनने का किया आह्वान।
- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज दीनदयाल रसोई योजना के अंतर्गत 10 चलित रसोई केन्द्रों का करेंगे शुभारंभ।
- केंद्रीय रेल मंत्री ने कहा- इंदौर को छह दिशा में रेलवे लाइन से जोड़ने की कार्ययोजना पर किया जा रहा है कार्य।
- दो हजार रुपए के नोट बैंक में जमा करने या बदलने का आज है अंतिम दिन।

**अनुराग ठाकुर भोपाल दौरा**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, खेल एवं युवा मामले मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने युवाओं से अमृत काल के परिवर्तन निर्माता बनने का आह्वान किया है। भोपाल में एक निजी विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कल श्री ठाकुर ने कहा कि देश की प्रगति और विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है। 'यह समय है, यही सही समय है' विषय पर अपने संबोधन में श्री ठाकुर ने देश की अब तक की विकास यात्रा और केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की अंतिम छोर तक कल्याण की नीति और जनधन बैंक खातों, आधार और मोबाइल की त्रिमूर्ति के जरिये गरीबी उन्मूलन के अलावा गरीबों को समाज में सम्मान के साथ जीने का अधिकार दिया है।

**निर्वाचन आयोग–बैठक**

निर्वाचन आयोग ने मध्यप्रदेश सहित पांच राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर सामान्य, पुलिस और व्यय पर्यवेक्षकों के साथ कल बैठक की। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने पर्यवेक्षकों से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए समन्वय के साथ काम करने को कहा। चुनाव आयुक्त अनूप चन्द्र पांडे ने पर्यवेक्षकों से सोशल मीडिया पर नजर रखने और सुधारात्मक कार्रवाई करने को कहा।

चुनाव आयुक्त अरूण गोयल ने पर्यवेक्षकों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि उनका काम कायदे के अनुसार हो। विभिन्न सत्रों में लगभग एक हजार 180 अधिकारियों ने भाग लिया।

**दीनदयाल रसोई योजना**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज स्मार्ट सिटी पार्क में दीनदयाल रसोई योजना अंतर्गत चलित रसोई केन्द्र का शुभारंभ करेंगे। दीनदयाल रसोई योजना में 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगरपालिक निगम इंदौर में 4, भोपाल में 3 तथा जबलपुर एवं ग्वालियर में 2–2 चलित रसोई केन्द्र शुरू किये जा रहे हैं। शेष 12 नगरपालिक निगमों सहित पीथमपुर और मण्डीदीप नगरीय निकाय में एक–एक चलित रसोई केन्द्र शुरू किये जा रहे हैं। राज्य के गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को सस्ती दर पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 7 फरवरी 2017 को दीनदयाल रसोई योजना प्रारंभ की गई थी। प्रदेश में कुल 166 रसोई केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। इन केन्द्रों में 5 रूपये प्रति थाली की दर से सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक भोजन का वितरण किया जाता है।

## लता–किशोर सम्मान

संस्कृति विभाग ने वर्ष 2022 के राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान और राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान की घोषणा की है। राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान प्रसिद्ध अभिनेता धर्मेन्द्र को और राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान संगीत निर्देशक उत्तम सिंह को प्रदान किया जायेगा। इन सम्मानों की राशि भी दोगुनी कर दी गई है। अब इन दोनों सम्मानों के लिए 5 लाख रुपये सम्मान राशि दी जाएगी।

## दमोह प्रह्लाद पटेल

केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जलशक्ति राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कल दमोह में पर्यटक सुविधा स्थल बेलाताल झील के निर्माण कार्यो का लोकापर्ण किया। इस अवसर पर श्री पटेल ने कहा सार्वजनिक सम्पत्तियां तभी विपत्ति में आती हैं जब नागरिक इनकी चिंता नहीं करते इसलिये हम सभी की जिम्मेदारी है कि वे इन स्थलों को किसी प्रकार का नुकसान न पहुंचाएं और इस क्षेत्र को व्यवसायिक की बजाए कला संस्कृति का केन्द्र बनाएं।

## मुख्यमंत्री डिंडोरी

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने डिंडोरी जिले में 182 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। उन्होंने डिंडोरी, मंडला, जबलपुर, कटनी एवं अनूपपुर के एक लाख 69 हजार 422 संग्राहक परिवारों को 47 करोड़ 71 लाख रूपये के तेंदूपत्ता बोनस का वितरण किया। आहार अनुदान योजनांतर्गत बैगा, भारिया एवं सहरिया जनजाति वर्ग की एक लाख 84 हजार से अधिक महिलाओं को 27 करोड़ 60 लाख रूपये के अनुदान भत्ते की राशि सिंगल से अंतरित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि चरण पादुका योजना में चरण पादुका के साथ–साथ पीने के पानी की बॉटल, साड़ी एवं छाते के लिए 200 रूपए दिए जा रहे हैं।

## रेल मंत्री दौरा

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इंदौर को छह दिषा में रेलवे लाइन से जोड़ने की कार्ययोजना पर कार्य किया जा रहा है। अमृत स्टेषन योजना के तहत इंदौर के लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेषन का सौंदर्यीकरण इस तरह किया जाएगा, जिसमें महाकाल की संस्कृति दिखेगी। केंद्रीय मंत्री श्री वैष्णव ने इंदौर में रेलवे के अधोसंरचनात्मक कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान पत्रकारों से चर्चा में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि इंदौर को रेलवे हब बनाने के लिए षहर के आसपास मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल–गति शक्ति कार्गो टर्मिनल विकसित करने का प्रस्ताव है। इससे इंदौर के औद्योगिक विकास को गति मिलेगी।

## वन्य–प्राणी सप्ताह समापन

राज्यपाल मंगुभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में राज्य स्तरीय वन्य–प्राणी सप्ताह का समापन समारोह आज वन विहार राष्ट्रीय उद्यान–जू–भोपाल की विहार वीथिका में होगा। इस अवसर पर प्रमुख सचिव वन बी.एस. कंसोटिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे। समापन समारोह में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की कॉफी टेबल बुक का विमोचन, वन विहार की बटरफ्लाई बुक का विमोचन, और पुरस्कार वितरण होगा।

## दो हजार नोट

दो हजार रुपए के नोट को बैंक में जमा करने या इसे दूसरे नोट से बदलने का आज आखिरी दिन है। इसके बाद बैंक इन नोटों को नहीं लेंगे। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास का कहना है कि 96 प्रतिशत से ज्यादा 2000 रुपए के नोट बैंक में वापस आ गए हैं। अब भी लगभग 12 हजार करोड़ रुपए के 2000 के नोटों का वापस आना बाकी है। गौरतलब है कि RBI ने 19 मई को 2000 के नोट को सर्कुलेशन से बाहर करने की घोषणा की थी। उस दौरान 3.56 लाख करोड़ रुपए के नोट सर्कुलेशन में थे।

## सिंगरौली हवाई पट्टी

सिंगरौली जिले के सिंगरौलिया में नव निर्मित हवाई पट्टी का कल निरिक्षण और रनवे पर ट्रायल किया गया। यहाँ पहली बार 8 सीटर चार्टर प्लेन उतारा गया। मीडिया से बात करते हुए सीनियर पॉयलट इन कमांड विश्वास रॉय ने कहा कि एक सप्ताह बाद नियमित रूप से चार्टर प्लेन और प्राइवेट जेट का आवागमन इस रनवे पर हो सकता है। श्री रॉय ने कहा कि सिंगरौलिया हवाई पट्टी निकट भविष्य में एयरपोर्ट में भी तब्दील हो सकती है।

## एशियाई खेल

एशियाई खेलों में आज भारत और अफगानिस्तान के बीच मेंस क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल खेला जाएगा। इन खेलों के 14वें दिन आज भारत ने एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक से शुरूआत की। ये दोनों ही पदक के कंपाउंड मुकाबले में ज्योति सुरेखा और अदिति गोपीचंद स्वामी ने दिलाए। इसके साथ ही भारत के 97 मेडल हो गए हैं। जिसमें 23 गोल्ड शामिल है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में :–**

- रतलाम जिला प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के क्रियान्वयन में पूरे प्रदेश में अव्वल स्थान पर है। रतलाम जिले ने इस योजना में सर्वाधिक 83 प्रतिशत से अधिक उपलब्धि अर्जित की गई है।
- बैतूल में एक नाबालिग को शादी का लालच देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पॉक्सो कोर्ट ने आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा से दंडित किया है।
- खंडवा रेलवे स्टेशन पर हरिद्वार एलटीटी एक्सप्रेस, नांदेड़ जम्मूतवी एक्सप्रेस, बुरहानपुर स्टेशन पर अहमदाबाद बरौनी और अहमदाबाद प्रयागराज के ठहराव को मंजूरी दी गई है।
- कांग्रेस नेता राहुल गांधी 10 अक्टूबर को शहडोल जिले के ब्यौहारी में और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी 12 अक्टूबर को मंडला में जनसभा को संबोधित करेंगी।
- नीमच में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर पाँच दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 350 से अधिक वृद्धजन ने शिविर का लाभ लिया।
- शिवपुरी जिले में मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप प्लान के अंतर्गत 8 अक्तूबर को एक शाम मतदाता के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।
- मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि "संभावना" के अंतर्गत आज नंदराम बारिया एवं साथी द्वारा मालवी गायन और सियाम पाल एवं साथी, सागर द्वारा मलखम्भ की प्रस्तुति दी जायेगी।
- शाजापुर जिले में अकोदिया रोड पर कल एक ट्रक, ट्रैक्टर–ट्राली से टकराने के बाद सड़क किनारे चल रहे राहगीरों पर चढ़ गया। इस हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत गई, जबकि एक युवक घायल हो गया।

———————————